दूरभाष– 9473942554 ई–मेल– ee_cd_kheri@yahoo.in

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम– भन्सरिया, पो०–उदयपुर, लखीमपुर–खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 3515 / M-40 / 108 दिनांक 05/11/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 05.11.2026 को प्रकाशित खबर –"कोलवा फार्म में पानी की टंकी वर्षो से अधूरी:ग्रामीणों को नही मिल रहा जल जीवन मिशन का लाभ" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 05.11.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–निघासन "कोलवा फार्म में पानी की टंकी वर्षों से अधूरी:ग्रामीणों को नही मिल रहा जल जीवन मिशन का लाभ" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित किए जाने हेतु जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मेसर्स वी0टी0एल0 गाजा–(जे0वी0) को सूचीबद्ध किया गया है, 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1147 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–निघासन की ग्राम पंचायत धर्मापुर से सम्बन्धित है। जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए पंचायत में स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि धर्मापुर पाइप पेयजल योजना जल निगम की पूर्व निर्मित योजना है जिसका पुर्नगठन कार्य

Scanned with OKEN Scanner

"जल जीवन मिशन" के तहत मेसर्स एन०सी०सी० लि० द्वारा कराया जा रहा है उक्त योजना का निर्माण कार्य दो–जोन में प्रस्तावित है। जिसके पूर्व निर्मित जोन–1 में आंशिक जलापूर्ति हो रही है। वर्तमान में लीकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है तथा नवनिर्मित जोन–2 में शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण है व बोर वेल का निर्माण कार्य पूर्ण है। उक्त पाइप पेयजल योजना के कुछ स्थानों पर पाइप लाइन बिछाने व ज्वाइंटिग का कार्य पूर्ण न होने के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं हो पायी है। जिसको पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। जिस पर फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र अति शीघ्र पाइपलाइन बिछाने व ज्वाइंटिग का कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण करने कि लक्षित तिथि माह दिसम्बर–2027 है।

सादर सूचनार्थ।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।





भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ, उ0प्र0।
2. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
3. मो० जमाल (डी०पी०एम०), मेसर्स एन०सी०सी० लि० लखीमपुर खीरी को इस निर्देश के साथ कि उक्त योजना में कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।

Scanned with OKEN Scanner